

भू-कानून परीक्षण समिति के अध्यक्ष सुभाष कुमार को सुझाव पत्र सौंपते अजेंद्र अजय।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आनंद गिरी को लेकर हरिद्वार पहुंची सीबीआई की टीम

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत नरेंद्र गिरि की मौत मामले में जांच के लिए सीबीआइ की टीम गिरफ्तार आनंद गिरी को लेकर हरिद्वार पहुंच गई है। इससे पहले सीबीआइ देहरादून की टीम ने सेवादारों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई थी। श्रीमहंत नरेंद्र गिरि मौत प्रकरण में बुधवार को देहरादून से पहुंची सीबीआइ ने हरिद्वार के गाजीवाली स्थित आनंद गिरि के आश्रम के सेवादारों से पूछताछ की। सीबीआइ ने उनसे आश्रम में आने-जाने वालों के बारे में जानकारी ली। साथ ही, आश्रम सील होने के बावजूद सीसीटीवी की डीवीआर चोरी होने की भी जानकारी ली।

### पति तलाशता रहा महिला और नौकर को, घर के पीछे पालीथिन में दबे हुए थे शव

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून के धौलास क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। यहां घर के पीछे महिला और उनके नौकर का शव बरामद शख्स का शव बरामद किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया। एसएसपी जन्मेजय खंडूरी और एसपी सिटी सरिता डोभाल ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। वहीं, दोनों के गले पर धारदार हथियार के निशान भी पाए गए हैं। फिलहाल, मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### दून में तेजी से बढ़ रहा डेंगू का ग्राफ, चार और व्यक्तियों में पुष्टि

**संवाददाता** देहरादून। बारिश के बाद जगह-जगह जमा हुए पानी ने डेंगू के मच्छर के अनुकूल माहौल बना दिया है। ऐसे में डेंगू के मामले अब तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को दून में चार और व्यक्तियों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जिले में अब तक डेंगू के 33 मामले आए है, जिनमें 60 फीसदी से अधिक मामले सितंबर माह में आए हैं। सभी मरीज अपने घर पर हैं और उनकी स्थिति सामान्य है।

### एचडीएफसी बैंक ने प्रतिबंध हटने के बाद 4 लाख से अधिक कार्ड जारी किए

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक ने आज प्रतिबंध हटने के बाद से अब तक 4 लाख से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी करने के नए रिकॉर्ड की घोषणा की है। बैंक द्वारा ये रिकॉर्ड 21 सितंबर, 2021 को ही बना लिया गया था और उसके बाद भी बैंक ने लगातार इस सेक्टर में आक्रामक तौर पर ग्रोथ को दर्ज किया है। बैंक क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में कई सारे मजबूत उत्पादों और साझेदारियों के साथ अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो को नए सिरे से मजबूत बना रहा है।

# राज्य में खिलाड़ियों के लिए बनाई जा रही नई खेल नीति

**सम्मान**

■ एशियन जु-जित्सु चैंपियनशिप के उत्तराखंड के पदक विजेताओं को सीएम ने किया सम्मानित



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में आबू धाबी में आयोजित पांचवी एशियन जु-जित्सु चौंपियनशिप, पदक विजेता उत्तराखंड के जु-जित्सु खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आगामी एशियन इंडोर एंड मार्शल आर्ट गेम्स तथा वर्ल्ड जु-जित्सु चौंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने पदक तालिका में स्थान पाकर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा मिल सके इसके लिए राज्य में नई खेल नीति बनाई जा रही है।

जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव विनय कुमार जोशी ने बताया कि 13 से 16 सितंबर 2021 तक आबू धाबी में आयोजित हुई पांचवी एशियन जु-जित्सु मार्शल आर्ट चौंपियनशिप में भारत से 38 सदस्यों के दल ने देश का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उत्तराखण्ड के छह खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 06 पदक हांसिल किये। जिसमें 02 रजत पदक एवं 04 कांस्य पदक शामिल हैं। इस जु-जित्सु मार्शल आर्ट चौंपियनशिप में भारत ने आठवां स्थान प्राप्त किया। उत्तराखण्ड से शिवानी गुप्ता, नव्या पाण्डे, मंदीप कौर एवं मुकेश कुमार ने विभिन्न भार वर्गों में पदक हासिल किये। सभी विजेता खिलाड़ियों ने वर्ष 2021 में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के नेतृत्व में थाईलैंड चोंगबुरी में आयोजित होने वाली एशियन इंडोर एंड मार्शल आट्र्स गेम्स 2022 के लिए अपना स्थान पक्का किया। इस अवसर पर खेल निदेशक जी.एस. रावत, संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण, महासचिव ऋषि पाल भारती एवं एशियन जु-जित्सु चौंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखण्ड के खिलाड़ी मौजूद थे।

### अजेंद्र अजय ने भू-कानून परीक्षण समिति के अध्यक्ष से की भेंट, दिए सुझाव

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा नेता व पूर्व दायित्वधारी अजेंद्र अजय ने बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा भू-कानून में संशोधन के अध्ययन व परीक्षण के लिए गठित समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार से भेंट कर अपने सुझाव दिए। समिति के अध्यक्ष से भेंट के दौरान अजेंद्र ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र की प्राचीन काल से देवभूमि के रूप में पहचान रही है। यह क्षेत्र करोड़ों-करोड़ों हिंदुओं की आस्था व श्रद्धा का केंद्र रहा है। हिंदुओ के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, जागेश्वर आदि यहां स्थित हैं। हिंदुओं के लिए पवित्र पावनी मां गंगा व यमुना का उद्गम स्थल भी यहां अवस्थित है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यह क्षेत्र दो-दो अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ा हुआ है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों से पर्वतीय क्षेत्र में समुदाय विशेष की जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि दिखाई पड़ रही है।

# सरकार से बेसिक शिक्षा भर्ती में पद बढ़ाने की मांग

**मांग**

■ तीस हजार से भी अधिक बीएड टीईटी प्रशिक्षित लोग बेरोजगार बैठे हैं: यूकेडी

**संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर कार्यालय मे आयोजित प्रेस वार्ता मे वरिष्ठ नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने बताया कि उक्रांद ने सरकार से शिक्षक भर्ती के पद बढाने की मांग की है। सेमवाल ने मांग की है कि वर्तमान बेसिक शिक्षकों की भर्ती में 31 मार्च 2022 तक रिटायर होने वाले शिक्षकों के पदों को भी शामिल कर लिया जाए, इससे बार-बार भर्ती निकालने की झंझट नहीं होगी, और ना ही स्कूलों का पठन-पाठन प्रभावित होगा। यूकेडी के केंद्रीय संगठन सचिव बिपिन रावत ने कहा कि उत्तराखंड में तीस हजार से भी अधिक बीएड टीईटी प्रशिक्षित लोग बेरोजगार बैठे हैं लेकिन सरकार को न तो बेरोजगारों की चिंता है और ना ही स्कूलों की।

यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि कई बीएड प्रशिक्षितों की भर्ती होने की आयु सीमा खत्म हो चुकी है, यदि सरकार जल्दी ही कोई निर्णय नहीं लेती तो उत्तराखंड क्रांति दल आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा।

इसके अलावा यूकेडी नेता रमेश चंद्र बडोनी ने कक्षा एक से बारहवीं तक शारीरिक शिक्षा अनिवार्य करने की भी सरकार से मांग की। उन्होंने बीपीएड और एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों के आंदोलन को भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि 11 अक्टूबर को होने वाले सीएम आवास कूच को भी यूकेडी अपना समर्थन देता है। यूकेडी नेता सुंदर लाल कंसवाल ने कहा कि प्रत्येक प्राइमरी स्कूल में एक व्यायाम शिक्षक नियुक्त होना चाहिए साथ ही उन्होंने सरकारी भर्ती में अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष से बढ़ाकर 45 वर्ष करने की मांग की।

प्रेस वार्ता में केंद्रीय संगठन मंत्री संजय बहुगुणा, उत्तराखंड क्रांति दल युवा मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा रावत, विजेंद्र राणा, अश्वनी राजपूत आदि पदाधिकारी शामिल थे।

### भाजपा विज्ञापन अभियान समिति में ओओएच डिजिटल की जिम्मेदारी हरीश चमोली को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के विभिन्न विभागों की घोषणा की है। चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक होंगे, जबकि संयोजक सांसद अजय टम्टा होंगे। सहसंयोजक राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी व पूर्व सीएम व मौजूदा पौड़ी गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, पूर्व दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट और विधायक महेंद्र भट्ट होंगे। विज्ञापन अभियान समिति में टी.वी की जिम्मेदारी प्रदेश मीडिया सहप्रभारी सुनी सैनी, एफ.एम. रेडियो की जिममेदारी प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, थियेटर एड एवं केबल नेटवर्क की जिम्मेदारी प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार, आउट ऑफ होम डिजिटल सिगनेचर डिजिटल स्क्रीन की जिम्मेदारी पूर्व सहसंयोजक आई.टी. गढ़वाल हरीश चमोली व प्रिंट मीडिया की जिम्मेदारी प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर चौहान को सौंपी गई है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel



**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।